क्लस्टर के मास्टर लेआउट को मंजूरी

इमारत निर्माण का मार्ग प्रशस्त

■ **ठाणे,** (सं.) ठाणे की महत्वाकांक्षी और बहुप्रतीक्षित क्लस्टर योजना के शुरू होने का मार्ग प्रशस्त हो गया. ठाणे मनपा की उच्चाधिकार समिति ने मंगलवार को किसन नगर में यूआरसी 1 और यूआरसी 2 के मास्टर लेआउट को मंजूरी दे दी. इसलिए सिडको के माध्यम से अब सड़कों के विस्तारीकरण और इमारतों के निर्माण के शुरू होने का मार्ग खुल गया है.

राज्य के शहर विकास मंत्री जिले के पालक मंत्री एकनाथ शिंदे की संकल्पना से क्लस्टर योजना शुरू की जा रही है, ताकि खतरनाक अवैध इमारतों में रहने वाले लाखों ठाणेकरों को उनके हक का घर मिल सके. योजना के प्रथम चरण में किसननगर के निवासियों का स्थायी पुनर्वास किया जाएगा तथा उन्हें उचित, सुरक्षित एवं अधिकृत आवास उपलब्ध कराया जाएगा. क्लस्टर योजना को सिडको के माध्यम से लागू किया जाएगा जिसके लिए सिडको और ठाणे मनपा के बीच एक करार हुआ है.

20 वर्ष का सपना होगा साकार | **40** मीटर होगा वागले इस्टेट का 22 नंबर रोड

खाली भूखंडों पर बनेगी पुनर्वसन की इमारतें

क्लस्टर योजना के तहत वर्तक नगर में ट्रांजिट कैंप इमारत का निर्माण शुरू हो चुका है. अब किसन नगर में यूआरसी 1 और यूआरसी 2 के मास्टर लेआउट को ठाणे मनपा की उच्चाधिकार समिति ने मंगलवार को मंजूरी दे दी है. मास्टर लेआउट की मंजूरी मिलने के साथ वागले इस्टेट रोड नं. 22 के 40 मीटर विस्तारीकरण का काम शुरू होने वाला है. इसके अलावा, सिडको यूआरसी 1 और यूआरसी 2 में खाली भूखंडों पर पुनर्वसन इमारतों का निर्माण शुरू कर सकेगा.

> किसननगर यूआरसी 1 और यूआरसी 2 के मास्टर लेआउट की मंजूरी के साथ वास्तविक कार्यान्वयन अब सिडको के माध्यम से शुरू होगा. लंबे संघर्ष के बाद आखिरकार 20 वर्ष का सपना साकार होने जा रहा है. वर्तक नगर में क्लस्टर में ट्रांजिट कैंप भवन का निर्माण शुरू हो चुका है. अब जब उच्च स्तरीय समिति ने मास्टर लेआउट को मंजूरी दे दी है, तो यहां के खाली भूखंडों पर स्थायी पुनर्वास भवनों के निर्माण का रास्ता भी साफ हो गया है.
>
> - **एकनाथ शिंदे**, शहर विकास मंत्री

> यूआरसी 1 और यूआरसी 2 के मास्टर लेआउट को आज उच्च स्तरीय समिति द्वारा मंजूरी मिल गई है. मास्टर लेआउट यह बताता है कि इन 2 यूआरसी में क्या सुविधाएं होंगी. मंजूरी से क्लस्टर के अंतर्गत इमारतों के निर्माण की अनुमति मिलने के साथ अन्य सुविधाओं के विकास का मार्ग खुल गया है.
>
> - **डॉ. विपिन शर्मा**, आयुक्त, ठाणे मनपा

अवैध निर्माण पर हथौड़ा

■ **नवी मुंबई,** (का. प्र.) कोपरखैरणे स्थित सेक्टर-18 में मकान क्रमांक 650, 651, 652 एवं मकान क्रमांक 649 की जगह पर अवैध निर्माण किया गया था, जिसे मनपा के अवैध निर्माण निरोधक विभाग द्वारा तोड़ा गया. मनपा के कोपरखैरने विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इमारत का निर्माण करने के लिए मनपा के संबंधित विभाग की पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है, उक्त लोगों ने मनपा की अनुमति के बिना निर्माण शुरू कर दिया था. इस मामले में संबंधित लोगों को 8 मार्च 2022 को नोटिस जारी की गई थी, जिसकी अनदेखी करने पर उक्त अवैध निर्माण को 1 गैस कटर, 2 ब्रेकर व 5 मजदूरों की मदद से तोड़ा गया.

बहन के बेटे की बलि देने का प्रयास

ठाणे. ठाणे की चीतलसर पुलिस एक स्वयंभू धर्मगुरु, कुलदीप प्रदीप निकम ने अपने अन्य 2 सहयोगियों की मदद से 9 वर्ष के लड़के की बलि देने का प्रयास किया, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है. मामले में शिकायतकर्ता निकम की पत्नी है. पुलिस को दिए अपने बयान में उसने दावा किया कि उसके पास भेदक क्षमताएं हैं और उसने अपनी बहन से कहा कि उसका नाबालिग बेटा बुरी आत्मा के कब्जे में है और भविष्य में चोर बन जाएगा.

पैसे नहीं देने पर जानलेवा हमला

कल्याण. शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर एक व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है. महात्मा फुले चौक पुलिस स्टेशन में इस मामला दर्ज किया गया है. गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है. पुलिस हमलावर की तलाश कर रही है. मिली जानकारी के अनुसार शंकर कांबले नामक व्यक्ति से शिवाजी उर्फ शिवा वाकचौरे ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे, जब कांबले ने पैसे देने से इनकार कर दिया, क्रोधित होकर शिवाजी ने शंकर पर धारदार चाकू से हमला किया.

43 .4 डिग्री के पार पहुंचा पारा

ठाणे में हीट का तड़का

■ **ठाणे,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. ठाणे में हीट का तड़का ठाणे करों को महसूस हुआ. मौसम विभाग ने विभाग ने पहले ही 16 मार्च तक अधिक गर्मी होने का अनुमान पहले ही जताया था. जिसके अनुरूप गर्मी अब बढ़ती जा रही है. सोमवार को ठाणे का पारा 41 डिग्री था जो कि मंगलवार को सीधे 43.40 पार गया. आपको बतादें कि मौसम विभाग ने 14 से 16 मार्च ठाणे, पालघर की अवधि के दौरान ठाणे जिले में ठाणे जिले में गर्मी की तरंगों का अनुमान लगाया है. तदनुसार, वह सोमवार को 41 डिग्री पाया गया था. मनपा प्रशासन ने अपील की है कि नागरिकों को गर्मी के स्ट्रोक को रोकने के लिए स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए. यह मंगलवार को सुबह से गर्मी महसूस कर रहा था. तो, मंगलवार की दोपहर सीधे 43.4 पर चला गया. बढ़ी गर्मी के कारण नागरिकों को हीट का सामना करना पड़ा. हलांकि कई लोगों की आंखों पर गॉगल, टोपी लगाए दिखाई दिए. कुछ लोगों को नारियल के पानी, नींबू के पानी पीते नजर आए. पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान ठाणे का तापमान 35 था. इस साल, 8 डिग्री अधिक बढ़ गया है और पारा 43 डिग्री के पार पहुंच गया.



35 डिग्री था विगत वर्ष | **8** डिग्री हुई वृद्धि

> गर्मी में जो लोग घर से निकलें वे खूब पानी पीकर निकलें और खाली पेट न रहें. साथ ही बाहर की खुली चीजें खाने और पीने से बचें। जरा सी असावधानी आपको डायरिया और डिहाइड्रेशन का शिकार बना सकती है.
>
> -**डॉ. कैलाश पवार**, जिला शल्य चिकित्सक

शाम को आसमान में छा गए काले बादल

दो दिन से गर्मी पूरे शबाब पर है. दोपहर में चिल चिलाती धूप की वजह से सड़कों पर लोगों का चलना दूभर हो गया है. मंगलवार से तेज धूप हुई और पारा बढ़कर 43 .40 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा. हालत यह रही कि सुबह से लोगों को धूप से बचाव के इंतजाम कर बाहर निकलना पड़ा. हालांकि शाम को आसमान में काले बादल छा गए जिससे लोगों ने राहत महसूस की. मार्च महीने का मध्यान है और अप्रैल आने में 15 दिन शेष है.

ऊर्जा मंत्री राऊत की विधानसभा सत्र में घोषणा

बहाल होगी पावरलूम की बिजली सब्सिडी

■ **भिवंडी,** (सं.) महावितरण द्वारा 1 मार्च से पावरलूम उद्योग बिजली सब्सिडी पर रोक लगाने की वजह से पावरलूम उद्योग के बंद होने का खतरा मंडरा रहा था. पावरलूम उद्योग से जुड़े लोगों की मांग को गंभीरता से लेते हुए ऊर्जा मंत्री नितिन रावत ने विधानसभा सत्र अधिवेशन में घोषणा किया कि पावरलूम उद्योग की बेहतरी के लिए बिजली सब्सिडी पूर्ववत जारी रखने की घोषणा की. ऊर्जा मंत्री राउत की इस घोषणा से पावरलूम उद्योग जगत में भारी खुशी फैली है. महावितरण द्वारा 1 मार्च से पावरलूम पर सरकार द्वारा वर्षों से प्रदान की जा रही बिजली सब्सिडी को तत्काल प्रभाव से रोक दिया था. बिजली सब्सिडी पर लगी रोक से पावरलूम उद्योग के अस्तित्व पर भारी संकट खड़ा हो गया था. पावरलूम संगठनों से जुड़े भिवंडी मालेगाव, धूलिया, इचलकरंजी, विदर्भ आदि क्षेत्रों के पावरलूम संगठनों ने ऊर्जा मंत्री नितिन राऊत एवं वस्त्र उद्योग मंत्री असलम शेख से भेंट कर आर्थिक संकट से जूझ रहे उद्योग की बेहतरी के लिए बिजली सब्सिडी पर रोक हटाए जाने की मांग की गई थी.

सब्सिडी पर रोक हटाने की बारंबार की मांग

पावरलूम संगठनों के प्रतिनिधि मंडल को उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार, ऊर्जा मंत्री नितिन राऊत, वस्त्र उद्योग मंत्री असलम शेख द्वारा बिजली सब्सिडी की बहाली का भरोसा दिया गया था. भाजपा विधायक महेश चौगुले, सपा के विधायक रईस शेख, कांग्रेस जिलाध्यक्ष एड. रशीद ताहिर मोमिन, राकां जिलाध्यक्ष शोएब खान गुड्डू, सुरेश टावरे, कांग्रेस प्रदेश महासचिव मो .तारिक फारुकी, तल्हा मोमिन नेताओं ने ऊर्जा मंत्री नितिन राउत एवं टेक्सटाइल मंत्री असलम शेख से मिलकर पावरलूम उद्योग को संकट से बचाने के लिए बिजली सब्सिडी पर रोक हटाने की बारंबार मांग की.

विधानसभा में सदस्यों ने उठाया मुद्दा

मंगलवार को विधानसभा सत्र शुरू होने के दौरान ही सदस्यों द्वारा पावर लूम सब्सिडी बहाली का मुद्दा जोरशोर से उठाया गया. पावरलूम सब्सिडी मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए ऊर्जा मंत्री राऊत ने कहा कि सरकार पावरलूम उद्योग का उत्थान चाहती है. पावरलूम उद्योग लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करता है. पावरलूम उद्योग की बेहतरी के लिए बिजली सब्सिडी जारी रहने का फैसला महाविकास आघाडी सरकार ने लिया है .ऊर्जा मंत्री राउत ने बिजली ग्राहकों से अपील करते हुए कहा कि महावितरण कंपनी का बकाया बिजली बिल भुगतान करें, जिससे बिजली निर्बाध रूप से मिल सके.

12 से 14 वर्ष के बच्चों का आज से टीकाकरण

■ **ठाणे,** (सं.) ठाणे जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों के लिए एहतियाती खुराक और 12 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के लाभार्थियों के लिए कोरोना टीकाकरण आज 16 मार्च से शुरू हो रहा है. अभियान का शुभारंभ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरलगांव (मुरबाड) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोन (भिवंडी) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निलजे (कल्याण) और केंद्रीय अस्पताल उल्हासनगर-3 में किया जाएगा. जिला टीकाकरण अधिकारी गंगाधर परगे ने बताया कि 12 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के लाभार्थियों के टीकाकरण के दिशा-निर्देशों के अनुसार केवल कॉर्बी वैक्स वैक्सीन का उपयोग किया जाएगा और वैक्सीन केवल सरकारी कोविड टीकाकरण केंद्रों पर उपलब्ध होगी.

मुंबई और कानपुर के बीच साप्ताहिक विशेष गाड़ी का विस्तार

04152 लोकनान्य तिलक टर्मिनस - कानपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष (प्रत्येक शनिवार) को **02/04/2022 से 01/10/2022** तक बढ़ा दी गई है.

04151 कानपुर - लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष (प्रत्येक शुक्रवार) को **01/04/2022 से 30/09/2022** तक बढ़ा दी गई है.

समय, संरचना और ठहराव आदि में कोई बदलाव नहीं होगा।

विस्तृत ठहराव और समय के लिए, वेबसाइट **www.enquiry.indianrail.gov.in** पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

आरक्षण

साप्ताहिक विशेष ट्रेन सं. 04152 की विस्तारित यात्राओं के लिए बुकिंग दिनांक **16/03/2022** से सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट **www.irctc.co.in** पर शुरू होगी।

यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी और दूसरों की संरक्षा के लिए कोविड के उचित व्यवहार का पालन करें।

मध्य रेल
www.cr.indianrailways.gov.in
आज़ादी का अमृत महोत्सव

centralrailwayindia
Central_Railway

SBI

भारतीय स्टेट बैंक

कॉरपोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, मुंबई - 400021

सूचना

शेयरधारकों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि एसबीआई के शेयर का अंकित मूल्य रु. 10 से विभक्त करके रु. 1 करने की प्रक्रिया में बैंक द्वारा जारी शेयर प्रमाण-पत्र, जिनका अंकित मूल्य रु. 10 है, दिनांक 22 नवंबर 2014 से प्रभावी होकर अमान्य हो गए हैं. इस संबंध में दिनांक 05.11.2014 को भारत के राजपत्र में एक अधिसूचना प्रकाशित की गई थी. तदनुसार, सभी उद्देश्यों से, इस सूचना में दिए गए शेयरों के विवरण रु. 1 अंकित मूल्य के शेयर प्रमाण-पत्रों के हैं. एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि बैंक की निम्न उल्लेखित प्रतिभूतियों के लिए शेयर/बॉण्ड प्रमाण-पत्र पंजीकृत धारक/धारकों से उक्त शेयर/बॉण्ड की नियत अवधि में उपयुक्त रूप से पूर्णकृत अंतरण अनुबंध(धों) के साथ/बिना गुम/खो गए हैं और उन्होंने बैंक को उनके नाम से डुप्लिकेट शेयर/बॉण्ड प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया है. कोई भी व्यक्ति जिसका उक्त शेयर/बॉण्ड के संबंध में कोई दावा है, उसे ऐसा कोई भी दावा बैंक के अंतरण अभिकर्ता, मे. एलेंकिट असाइनमेंट्स लिमिटेड, 205-208, अनारकली कॉम्प्लैक्स, झंडेवालाँ एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110055, (ई-मेल आईडी: sbi.igr@alankit.com) पर इस तिथि से 7 दिनों के भीतर के पास दर्ज करवाना चाहिए, अन्यथा, बैंक द्वारा किसी भी आगामी सूचना के बिना, डुप्लिकेट शेयर बॉण्ड प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी जाएगी.

भारतीय स्टेट बैंक

क्र. सं.	फोलियो सं.	धारक(कों) का नाम	शेयरों की संख्या	प्रमाणपत्र संख्या		विशिष्ट संख्या	
				से	तक	से	तक
1	02466281	जी नारायणस्वामी	500	195430	195430	7444932911	7444933410
2	07528309	मुकेश कुमार	140	6328317	6328317	8065088433	8065088572
3	00814292	जनक राज काठपाल वनिता काठपाल	30	68282	68282	7389805341	7389805370
4	00717298	सुनील कुमार हाती चंदना हाती	630	32231	32232	7380812471	7380813100
5	02306228	रमेश कुमार	500	189931	189931	7442162051	7442162550
6	00801145	लालमणी चतुर्वेदी	30	62200	62200	7388241901	7388241930
7	01500306	पुरुषोत्तम कांचन रेखा पुरुषोत्तम कांचन	1500	9047007	9047007	7414714121	7414715620
8	07307571	बी एस शिवशंकर	30	6107582	6107582	7983592426	7983592455
9	07309457	शिवशंकर बी एस	22	6109463	6109463	7983860541	7983860562
10	00817903	संतोष कुमार बेहेरा नमिता बेहेरा	30	69738	69738	7390167701	7390167730
11	00822581	गोपा लोध दास	500	71672	71672	7390665861	7390666360
12	02410450	अशोक कुमार कोहली	500	193417	193417	7443905551	7443906050
13	07521521	दरजा राम सुतार	280	6321545	6321545	8062737245	8062737524
14	07405484	मोहन जॉर्ज श्रीमती सरम्मा जॉर्ज	1980	6206170	6206170	8011379556	8011381535
15	02524313	नरेंद्र गुलाबसिंग जाधव	500	198803	198803	7446705101	7446705600
16	07403337	डेव्हिड सी प्रेमा डी	110	6204045	6204045	8009967563	8009967672
17	07424523	प्रताप नारायण पूर्णिमा नारायण	132	6224662	6224662	8015698405	8015698536
18	01830773	वीणा एस	500	155765	155765	7424601531	7424602030
19	02204010	श्यामल बनिक	500	180167	180167	7437126751	7437127250
20	00736789	प्रदीप दामोधर साळवे माया प्रदीप साळवे	530	39350	39351	7382793691	7382794220
21	07128142	एन शिवन	400	239171	239171	7464901081	7464901480

उपरोक्त आँकड़े स्टॉक विभक्ति के परिणामस्वरूप रु. 1/- के अंकित मूल्य के वर्तमान शेयरों के विवरण प्रस्तुत करते हैं (रिकॉर्ड दिनांक 21.11.2014).

स्थान: मुंबई
दिनांक: 16.03.2022

शेयरों की संख्या: 9344
प्रमाण पत्रों की संख्या: 23

महाप्रबंधक
(शेयर एवं बांड)

मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल

(महाराष्ट्र गृहनिर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)
टेली नं. - 022 - 66405432 ई-मेल - eewest.msib@mhada.gov.in

म्हाडा MHADA

ई-निविदा सूचना

(डीडीआर मुंबई उपनगर जिला (पश्चिम) अंतर्गत पंजीकृत लेबर को-ऑप. सोसायटी हेतु)

कार्यकारी अभियंता (पश्चिम) डिवीजन, मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल, (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 537, 4थी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051 द्वारा मुंबई उपनगर जिला (पश्चिम) में **डीडीआर अंतर्गत समुचित श्रेणी में पंजीकृत लेबर को-ऑप. सोसायटी** से "बी-1" (प्रतिशत दर) प्रपत्र में डिजिटली हस्ताक्षरित एवं शर्तरहित ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

ई-निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रु.	सुरक्षा जमाराशि, अनुमानित लागत का 1% (50% आरंभिक और 50% बिल के जरिये)	उप जिला पंजिका अंतर्गत एल. सी. एस. का पंजीकरण (श्रेणी)	निविदा मूल्य, 18% जीएसटी सहित (रु. में)	कार्य समापन हेतु समय सीमा
1.	दत्त टेकड़ी, जोगेश्वरी (पू) में लादी प्रदान करना /बिठाना तथा ड्रेन के निर्माण हेतु एमकेएमएसएस कार्य.	1637204.00	17000.00	श्रेणी-ए	590.00	12 माह (मानसून सहित)
2.	श्याम नगर, गोरेगांव (पू) में लादी प्रदान करना/बिठाना तथा ड्रेन के निर्माण हेतु एमकेएमएसएस कार्य	1637204.00	17000.00	श्रेणी-ए	590.00	12 माह (मानसून सहित)
3.	सोसायटी रोड नं. 1, नटवर नगर, जोगेश्वरी (पू) में लादी प्रदान करने/बिठाने हेतु एमकेएमएसएस कार्य.	1637204.00	17000.00	श्रेणी-ए	590.00	12 माह (मानसून सहित)
4.	आजाद नगर, संजय नगर, जोगेश्वरी (पू) में सुशोभिकरण कार्य तथा बेंचेज की बैठक व्यवस्था के निर्माण हेतु एमकेएमएसएस कार्य.	2046505.00	21000.00	श्रेणी-ए	590.00	12 माह (मानसून सहित)
5.	स्मशान टेकड़ी मंडल के पास, स्मशान टेकड़ी, जोगेश्वरी (पू) में सुशोभिकरण कार्य तथा लादी प्रदान करने/बिठाने हेतु एमकेएमएसएस कार्य	2046505.00	21000.00	श्रेणी-ए	590.00	12 माह (मानसून सहित)
6.	शंकरवाडी, जोगेश्वरी (पू) में सुशोभिकरण कार्य तथा बेंचेज की बैठक व्यवस्था के निर्माण हेतु एमकेएमएसएस कार्य.	2046505.00	21000.00	श्रेणी-ए	590.00	12 माह (मानसून सहित)
7.	बांद्रा प्लॉट, मदरसा बांद्रा के पास, जोगेश्वरी (पू) में सुशोभिकरण कार्य तथा लादी प्रदान करने/बिठाने हेतु एमकेएमएसएस कार्य.	1637204.00	17000.00	श्रेणी-ए	590.00	12 माह (मानसून सहित)
8.	सर्वोदय नगर, मेघवाडी, जोगेश्वरी (पू) में सुशोभिकरण कार्य तथा बेंचेज की बैठक व्यवस्था के निर्माण हेतु एमकेएमएसएस कार्य.	2046505.00	21000.00	श्रेणी-ए	590.00	12 माह (मानसून सहित)
9.	हरी नगर, शंकरवाडी, बीएमसी, जोगेश्वरी (पू) में सुशोभिकरण कार्य तथा बेंचेज की बैठक व्यवस्था के निर्माण हेतु एमकेएमएसएस कार्य.	1227903.00	13000.00	श्रेणी-बी एवं ऊपर	590.00	12 माह (मानसून सहित)
10.	राधा कृष्णा मंदिर के पास, खेरवाडी, खार (पू) में सुशोभिकरण कार्य तथा लादी प्रदान करने/बिठाने हेतु एमकेएमएसएस कार्य.	1227903.00	13000.00	श्रेणी-बी एवं ऊपर	590.00	12 माह (मानसून सहित)
11.	अमर व्यायामशाला के पास, आनंद नगर, जोगेश्वरी (पू) में सुशोभिकरण कार्य तथा लादी प्रदान करने /बिठाने हेतु एमकेएमएसएस कार्य.	1473483.00	15000.00	श्रेणी-बी एवं ऊपर	590.00	12 माह (मानसून सहित)
12.	सरपे वडापाव मार्ट, आनंद नगर, जोगेश्वरी (पू) में सुशोभिकरण कार्य तथा लादी प्रदान करने/बिठाने हेतु एमकेएमएसएस कार्य.	1227903.00	13000.00	श्रेणी-बी एवं ऊपर	590.00	12 माह (मानसून सहित)
13.	दत्त टेकड़ी, जोगेश्वरी (पू) में सुशोभिकरण कार्य तथा बेंचेज की बैठक व्यवस्था के निर्माण हेतु एमकेएमएसएस कार्य.	982322.00	10000.00	श्रेणी-बी एवं ऊपर	590.00	9 माह (मानसून सहित)
14.	गौतम नगर, संत रोहिदास नगर, जोगेश्वरी (पू) में सुशोभिकरण कार्य तथा बेंचेज की बैठक व्यवस्था के निर्माण हेतु एमकेएमएसएस कार्य.	1637204.00	17000.00	श्रेणी-ए	590.00	12 माह (मानसून सहित)
15.	गांधी नगर, संत रोहिदास नगर, जोगेश्वरी (पू) में सुशोभिकरण कार्य तथा बेंचेज की बैठक व्यवस्था के निर्माण हेतु एमकेएमएसएस कार्य.	2046505.00	21000.00	श्रेणी-ए	590.00	12 माह (मानसून सहित)
16.	श्याम नगर, मेघवाडी, जोगेश्वरी (पू) में सुशोभिकरण कार्य तथा बेंचेज की बैठक व्यवस्था के निर्माण हेतु एमकेएमएसएस कार्य.	2046505.00	21000.00	श्रेणी-ए	590.00	12 माह (मानसून सहित)
17.	सोसायटी रोड नं. 1, नटवर नगर, जोगेश्वरी (पू) में सुशोभिकरण कार्य तथा बेंचेज की बैठक व्यवस्था के निर्माण हेतु एमकेएमएसएस कार्य.	2046505.00	21000.00	श्रेणी-ए	590.00	12 माह (मानसून सहित)
18.	प्रताप नगर, स्मशान टेकड़ी, जोगेश्वरी (पू) में सुशोभिकरण कार्य तथा बेंचेज की बैठक व्यवस्था के निर्माण हेतु एमकेएमएसएस कार्य	2046505.00	21000.00	श्रेणी-ए	590.00	12 माह (मानसून सहित)
19.	मजासगांव टेकड़ी, जोगेश्वरी (पू) में सुशोभिकरण कार्य तथा बेंचेज की बैठक व्यवस्था के निर्माण हेतु एमकेएमएसएस कार्य.	1637204.00	17000.00	श्रेणी-ए	590.00	12 माह (मानसून सहित)
20.	बांद्रा प्लॉट, अंधेरी, जोगेश्वरी (पू) में सुशोभिकरण कार्य तथा बेंचेज की बैठक व्यवस्था के निर्माण हेतु एमकेएमएसएस कार्य.	1473483.00	1500.00	श्रेणी-बी एवं ऊपर	590.00	12 माह (मानसून सहित)
21.	मजासवाडी, अंबिका नगर, जोगेश्वरी (पू) में सुशोभिकरण कार्य तथा बेंचेज की बैठक व्यवस्था के निर्माण हेतु एमकेएमएसएस कार्य	1800924.00	19000.00	श्रेणी-ए	590.00	12 माह (मानसून सहित)
22.	जय जवान क्रीडा मंडल, शिव टेकड़ी, जोगेश्वरी (पू) में ड्रेन/पैसेज के निर्माण हेतु एमकेएमएसएस कार्य.	1637204.00	17000.00	श्रेणी-ए	590.00	12 माह (मानसून सहित)
23.	शिव टेकड़ी, जोगेश्वरी (पू) में ड्रेन/पैसेज के निर्माण हेतु एमकेएमएसएस कार्य.	818602.00	9000.00	श्रेणी-बी एवं ऊपर	590.00	9 माह (मानसून सहित)
24.	रामवाडी, जोगेश्वरी विक्रोली लिंक रोड के पास, जोगेश्वरी (पू) में ड्रेन/पैसेज के निर्माण हेतु एमकेएमएसएस कार्य.	1227903.00	13000.00	श्रेणी-बी एवं ऊपर	590.00	12 माह (मानसून सहित)
25.	साईबाबा मंदिर के पास, मेघवाडी, श्याम नगर, जोगेश्वरी (पू) में ड्रेन/पैसेज के निर्माण हेतु एमकेएमएसएस कार्य	818603.00	9000.00	श्रेणी-बी एवं ऊपर	590.00	9 माह (मानसून सहित)
26.	सर्वोदय नगर, जोगेश्वरी (पू) में ड्रेन/पैसेज के निर्माण हेतु एमकेएमएसएस कार्य	818603.00	9000.00	श्रेणी-बी एवं ऊपर	590.00	9 माह (मानसून सहित)

अ.क्र.	चरण विवरण	समयावधि की तिथि
1.	प्रकाशन तिथि	17.03.2022
2.	दस्तावेज बिक्री का आरंभ	17.03.2022, सुबह 10.30 बजे
3.	दस्तावेज बिक्री का समापन	31.03.2022, सायं. 6.15 बजे
4.	बोली जमा का आरंभ	17.03.2022, सुबह 10.30 बजे
5.	बोली जमा का अंत	31.03.2022, सायं. 6.15 बजे
6.	तकनीकी बोली का खुलना	02.04.2022, सुबह 10.30 बजे से
7.	मूल्य बोली का खुलना	04.04.2022, सुबह 10.30 बजे से

1. सम्पूर्ण बोली प्रक्रिया दो बोली प्रणाली में ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) होगी. उक्त निविदा सूचना के संबंध में सभी अधिसूचनायें तथा विस्तृत नियम एवं शर्तें एतद्पश्चात वेबसाइट **http://mahatenders.gov.in**, **म्हाडा वेबसाइट - http://mhada.maharashtra.gov.in** पर ऑनलाइन प्रकाशित की जायेंगी.
2. बोली कागजात वेबसाइट **http://mahatenders.gov.in** पर दिनांक 17.03.2022 को सुबह 10.30 बजे से दिनांक 31.03.2022 को सायं. 6.15 बजे तक लोड किये जायेंगे.
3. निविदा प्रपत्र शुल्क हेतु भुगतान केवल ऑनलाइन ही करना होगा.
4. तकनीकी बोलियां दि. 02.04.2022 को सुबह 10.30 बजे से खोली जायेंगी तथा मूल्य बोलियां दि. 04.04.2022 को सुबह 10.30 बजे से कार्यकारी अभियंता (पश्चिम) /एमएसआईबी, कमरा नं. 537, 4थी मंजिल, म्हाडा, कलानगर, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051 के कार्यालय में वेबसाइट **http://mahatenders.gov.in** पर खोली जायेंगी.
5. ई-निविदाकर्ता को तकनीकी बोली खुलने के समय सत्यापन हेतु मूल दस्तावेज (जो बोली तैयारी के दौरान अपलोड किये गये थे) जमा करने होंगे.
6. ई-निविदाकर्ता, तकनीकी प्रस्ताव में निर्दिष्ट अनुसार तकनीकी लिफाफे में पीडीएफ प्रारूप में स्कैन्ड प्रतियां तथा जानकारी जमा करें.
7. ई-निविदाकर्ता के पास किसी भी प्रमाणन प्राधिकारी से प्राप्त वैध श्रेणी II/III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) अवश्य होना चाहिये.
8. कार्यकारी अभियंता (पश्चिम) /एम. एस. आई. बोर्ड, म्हाडा, कलानगर, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051 के पास बिना कोई कारण दर्शाये किसी भी अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है.
9. ई-निविदाकर्ता निष्पादन सुरक्षा एवं जमा करने योग्य अन्य दस्तावेजों के बारे में जानकारी के लिये विस्तृत निविदा सूचना का अवलोकन करें.
10. ई-निविदाकर्ता को जीएसटी पंजीकरण प्रमाणपत्र अपलोड करना होगा.
11. आमंत्रित निविदा, जीएसटी के बगैर एसएसआर दर पर आधारित है. जीएसटी स्वीकृत ठेका लागत पर ही अदा किया जायेगा.
12. निम्नतम बोलीकर्ता द्वारा अनुमानित निविदा लागत से कम दरें उद्धृत होने के मामले में एल1 (1ले निम्नतम) बोलीकर्ता को निविदा खुलने की तिथि से 8 दिनों के भीतर अतिरिक्त निष्पादन सुरक्षा जमाराशि जमा करनी होगी. यदि वह अतिरिक्त निष्पादन सुरक्षा जमाराशि जमा करने में असफल होते हैं तो एल2 (2रे निम्नतम) बोलीकर्ता को अवसर दिया जायेगा और यदि एल2, एल1 द्वारा उद्धृत दर से कम % पर कार्य निष्पादन हेतु सहमत होते हैं तो उनके प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया जायेगा. अधिक जानकारी के लिये कृपया विस्तृत निविदा सूचना का अवलोकन करें.
13. जीआर नं. सीएटी2017/केस नं. 103/अन्य जानकारी 2 दिनांक 27.09.2018 प्वाइंट नं. 1 (सी), के अनुसार, किसी एक वित्तीय वर्ष में किसी निर्धारित लेबर को. ऑप. सोसायटी को केवल रु. 100.00 लाख (रुपये 1.00 करोड़) तक के कार्य ही आवंटित किये जा सकते हैं. अतएव, कोई भी लेबर सोसायटी जिसने उक्त सीमा अर्थात रु. 100.00 लाख (1.00 करोड़) की सीमा पार कर ली है, उन्हें उक्त निविदा हेतु आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है.
14. तकनीकी मंजूरी के समय जीएसटी की दर 12% थी तथा इसका भुगतान एजेंसी को अलग से किया जायेगा. हालांकि अधिसूचना क्र. 15 एवं 16/2021 दि. 18.11.2021 के अनुसार, जीएसटी विभाग द्वारा 12% की एंट्री वापस ले ली गई है और 18% जीएसटी सभी कार्यों हेतु प्रस्तावित किया जायेगा अतएव 6% का अतिरिक्त भार एजेंसी को ही वहन करना होगा और एजेंसी को इसकी कोई प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी.
15. बोलियां जमा करने तथा ई-निविदा प्रणाली के बारे में दिशानिर्देश वेबसाइट **http://mahatenders.gov.in** से डाउनलोड किये जा सकते हैं. **हेल्प सपोर्ट : 1800-307-02232**, **ई-मेल : eproc.support@maharashtra.gov.in**

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (पश्चिम)
एम. एस. आई. बी. बोर्ड, मुंबई

सीपीआरओ/ए/131

म्हाडा - राष्ट्र का अग्रणी गृहनिर्माण प्राधिकरण